# बीएचईएल ने सबसे तेजी से बढ़ते महारत्न होने के लिए डीएसआईजे पुरस्कार 2018 प्राप्त किया

नई दिल्ली, 3 जून : अपने शानदार प्रदर्शन के लिए, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को देश में इस वर्ष का सबसे तेजी से बढ़ते महारत्न - विनिर्माण ' होने के लिए दलाल स्ट्रीट इनवेस्टमेंट जर्नल (डीएसआईजे) अवार्ड 2018 से सम्मानित किया गया।

एक स्वतंत्र जूरी ने सर्वसम्मति से उत्कृष्ट लाभ और आय प्रति शेयर (ईपीएस) की वृद्धि के आधार पर विनिर्माण श्रेणी में पुरस्कृत करने के लिए बीएचईएल को चुना।

रणनीतिक पहलों के परिणामस्वरूप, बीएचईएल ने अपने लाभ में अधिक वृद्धि दर्ज की और विकास संचालकों - विविधीकरण और प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण गति हासिल की। पिछले तीन वर्षों में कर से पहले बीएचईएल का लाभ तीन गुना बढ़ा है तथा लगातार राजस्व वृद्धि दर्ज हई है।

सिमटते और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में उच्च बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की दूरदर्शी रणनीतियों ने बीएचईएल को थर्मल पावर उपकरण व्यवसाय में 100% मार्केट हिस्सेदारी रखते हुए अपने नेतृत्व को बनाए रखने में सक्षम रहा। कंपनी ने परिवहन और स्पेयर्स के कारोबार में अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर बुक किए है।

नए बीएचईएल तथा नए भारत के निर्माण में योगदान में निरंतर प्रतिबद्धता और अपने उद्देश्य को पूरा करने के प्रयासों की बीएचईएल की परिवर्तनकारी यात्रा के परिणामस्वरूप – कंपनी बेहतर प्रदर्शन के मार्ग पर अग्रसर है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में, कंपनी का शुद्ध लाभ 50.7% बढ़ा, और आय प्रति शेयर 52.3% बढ़ी जिससे, चार दशकों से निर्बाध रूप से लाभांश का भुगतान करके निवेशकों को लाभान्वित करने के अपने त्रुटिहीन ट्रैक रिकॉर्ड को बनाए रखते हुए कंपनी ने 2018-19 में 100% का इक्विटी लाभांश (पहले भुगतान किए गए एक अंतरिम लाभांश सहित) घोषित किया है। उल्लेखनीय रूप से वर्ष 2018-19 के लिए कुल लाभांश पिछले छह वर्षों के दौरान उच्चतम रहेगा।

---